(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या भारत सरकार ने उक्त प्रयोजन के लिये ग्रामीण सड़कों के विकास के लिये कोई योजना तैयार की है, और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) उक्त योजना पर काम कब तक आरम्भ हो जायेगा और यह कब तक हो जायेगा ?

कृषि और सिंचाई मंत्री (श्री सुरजीत सिंह बरनाला) : (क) गुजरात में उकई सिंचाई परियोजना के कमांड क्षेत्र में ग्रामीण सड़कों सहित किसी भी कार्य के लिये विश्व बैंक से किसी भी प्रकार की सहायता नहीं मिली है। तथापि, इस परियोजना के लिए राज्य सरकार से एक प्रस्ताव प्राप्त हुआ है।

(ख) इस समय भारत सरकार तथा राज्य सरकार के बीच विचार विमर्श हो रहा है।

(ग) तथा (घ) : भारत सरकार ने सिंचाई कमांड क्षेत्रों के ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कों के विकास के लिये किसी प्रकार की कोई विशिष्ट योजना तैयार नहीं की है।

Tenders from FEDO/FACT for Ronky Defence Project

6284. SHRI VAYALAR RAVI: Will the Minister of WORKS AND HOUSING AND SUPPLY AND REHABILITATION be pleased to state:

(a) whether it is a fact that FEDO or FACT offered tenders for Ronky Defence Project; and

(b) if so, what steps have been taken to accommodate this public sector enterprise?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF WORKS AND HOUSING AND SUPPLY AND REHABILITATION (SHRI RAM KINKAR): (a) Yes, Sir. tender has been received from M/s. FEDO for a Turkey Defence Project.

(b) Purchase decision has not yet been taken against this tender. The policy of the Government in regard to purchase preference from public sector undertakings will be kept in view while making the purchase decision.

दिल्ली में अवैध शराब की बिक्री

6285. श्री राम सेवक हजारी :
श्री मनोरंजन भक्त :

क्या शिक्षा, समाज कल्याण तथा संस्कृति मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या दिल्ली में अवैध शराब की बिक्री दिन प्रति दिन बढ़ती जा रही है;

(ख) यदि हां, तो इसके क्या मुख्य कारण हैं; और

(ग) इस की रोकथाम के लिये क्या कार्यवाही की जा रही है ?

शिक्षा, समाज कल्याण तथा संस्कृति मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री धन्ना सिंह गुलशन) : (क) दिल्ली में अवैध शराब की बिक्री में वृद्धि की कोई सूचना दिल्ली प्रशासन को प्राप्त नहीं हुई है।

(ख) प्रश्न नहीं उठता।

(ग) प्रश्न नहीं उठता है। फिर भी दिल्ली प्रशासन ने सूचना दी है कि मद्यनिषेध की नीति क्रियान्वित करने के लिये सम्बन्धित अधिकारियों द्वारा अवैध शराब की बिक्री और आसवन को रोकने के लिये निरन्तर सतर्कता बरती जा रही है।